**परेशानी** ▶ **ग्राम पंचायत जमुनीहा में ट्रांसफार्मर जल जाने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप**

# 15 दिनों से बिजली गुल, ग्रामीण बेहाल





**कोतमा नवभारत 17 अगस्त।** ग्राम पंचायत जमुनीहा के ग्रामीण पिछले 15 दिनों से बिजली संकट से जूझ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पंचायत क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया गया। इस दौरान भीषण गर्मी के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सांप-बिच्छू और अन्य जहरीले जीवों का खतरा बढ़ने से रात्रि विश्राम करना भी मुश्किल हो रहा है। ग्राम पंचायत जमुनीहा में अधिकतर हरिजन, आदिवासी और पिछड़ी जाति के लोग निवासरत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग समस्या को सुलझाने के बजाय अनदेखा कर रहा है।

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग, कोतमा-अनूपपुर जिले के संभागीय व प्रशासनिक अधिकारियों, प्रभारी मंत्री तथा कोतमा विधायक एवं मंत्री दिलीप जयसवाल से आग्रह किया है कि वे मामले को गंभीरता से लेते हुए अविलंब नया ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति सुचारू करें, ताकि ग्रामवासी भयमुक्त होकर सामान्य जीवन जी सकें।

### राजेंद्रग्राम से लाया गया ट्रांसफार्मर भी जल गया

16 अगस्त को विभाग द्वारा कोतमा से एक ट्रांसफार्मर लाकर लगाया गया, किंतु जैसे ही पावर सप्लाई शुरू की गई, ट्रांसफार्मर में भयंकर विस्फोट जैसी आवाज आई और वह फिर से खराब हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर पहले राजेंद्रग्राम से लाया गया था। विभागीय कर्मचारी ने यह भी स्वीकार किया कि यह पुराने मॉडल का ट्रांसफार्मर पहले रेऊला पानी की टंकी के पास लगा हुआ था। ग्रामीणों ने इसे मजाक बताते हुए कहा कि उनके साथ छल किया जा रहा है।

### इनका कहना है

ट्रांसफार्मर मरम्मत किया हुआ ही हमें मिलता है, जिसे लगाया जाता है। नए ट्रांसफार्मर हमें नए काम के लिए मिलते हैं। ग्रामीणों द्वारा बिजली बिल प्रतिमाह जमा नहीं करने के कारण बिजली आपूर्ति करने में परेशानी हो रही है।

**लालमणि प्रजापति**
**अभियंता विद्युत मंडल कोतमा**



# विद्यार्थी व साहसी युवा सम्मानित

▶ **अमरकंटक में स्वतंत्रता दिवस पर फहराया गया तिरंगा**

**अमरकंटक, नवभारत 17 अगस्त।** अमरकंटक में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। नगर परिषद अमरकंटक द्वारा 15 अगस्त को नर्मदा उद्गम मंदिर प्रांगण के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह उइके ने किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष एड. रज्जू सिंह नेताम, नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं व शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच से अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया गया, जिसे उपाध्यक्ष नेताम ने पूर्ण किया। इसके बाद नगर परिषद द्वारा विभिन्न स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। नगर में निःशुल्क जनसेवा कार्य करने वाले युवाओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें सर्प मित्र सेवा के वरुण उपाध्याय एवं अतुल तिवारी, तैराकी व गोताखोरी सेवा के लिए अतुल द्विवेदी एवं कृष्णा चौहान शामिल है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सीएमओ चैन सिंह परस्ते, लेखापाल चैन सिंह मंडलोई, राजस्व प्रभारी मनीष विश्वकर्मा, गणेश पाठक, सनत पांडेय, पार्षद सोनू द्विवेदी, सुखनंदन सिंह, सावित्री बाई, विमला दुबे, निधि जैन, शक्तिशरण पांडेय, अंबिका तिवारी, पूर्व अध्यक्ष प्रभा पनारिया, श्यामलाल सेन, प्रकाश द्विवेदी, सूरज साहू, सोनू जैन, अंजना कटारे, लखन झारिया, समीर मानिकपुरी सहित अनेक स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

# बच्चों के भजन ने सभी का मन मोह लिया

▶ **मंत्री जायसवाल ने नेत्रहीन बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन**



**बिजुरी, नवभारत 17 अगस्त।** मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपना जन्मदिन समाजसेवा और मानवीय संवेदनाओं को समर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ स्थित नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने दृष्टिबाधित बच्चों के साथ केक काटा और सामूहिक भोजन कर सेवा और करुणा की अद्वितीय मिसाल पेश की।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद विद्यालय के बच्चों ने भजन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंत्री जायसवाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिश्रम और लगन की सराहना की। उनकी इस संवेदनशील पहल से बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अपना जन्मदिन समाज के सबसे प्रेरणादायक वर्ग इन नेत्रहीन बच्चों के साथ मना पा रहा हूं। हमारा कर्तव्य है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के माध्यम से एक समावेशी समाज का निर्माण करें।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जीएम उमेशचंद्र शर्मा, प्रेमचंद यादव, विद्यालय प्राचार्य संतोष सिंह, मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पति संजू यादव, बिजुरी अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, बंनगवा अध्यक्ष यशवंत सिंह, डोला अध्यक्ष पति सुरेश कोल, उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष बिजुरी रविंद्र शर्मा, राजनगर मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, कोतमा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिलने से वृद्ध की मौत

▶ **परिजनों ने लगाया आरोप, किया हंगामा, दोषियों पर कार्यवाही की मांग की**



**अनूपपुर नवभारत 17 अगस्त।** जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान रविवार को 85 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु के बाद मृतक के परिजनों ने चिकित्सालय प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिलने के कारण मरीज की मौत हुई है।

सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डॉक्टर एसआर परस्ते भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी, लेकिन विवाद बढ़ता देखकर जिला चिकित्सालय पुलिस चौकी ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी मौके पहुंची पुलिस ने किसी तरह से परिजनों को शांत कराया।

### ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए नर्स ने पर्ची बनाने के लिए कहा

जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 10 पुरानी बस्ती निवासी 85 वर्षीय कमला प्रसाद राठौर को 8 दिन पूर्व बुखार आने पर परिजनों ने जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया था, जहां वार्ड में जगह न होने पर टीन शेड के बनाए गए अस्थाई वार्ड में उन्हें शिफ्ट किया गया। मृतक के परिजन विजय सिंह ने बताया कि रविवार को मृतक की हालत बिगड़ने लगी और सांस लेने में तकलीफ होने पर इस वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट की कोई व्यवस्था नहीं होने पर वह सिस्टर ड्यूटी रूम में गए, लेकिन वहां पर स्टाफ नर्स ने उन्हें पर्ची बनवाने के लिए कहा और वह पर्ची बनवाने के लिए गए जहां लाइन में लगने और पर्ची बनवाने में विलंब हो जाने पर मरीज की मृत्यु हो गई।

### अस्पताल के शौचालय में गंदगी का आलम

परिजनों ने बताया कि जिला चिकित्सालय के शौचालय में गंदगी होने के कारण मरीज ने यहां शौच करने से मना किया। इसके बाद घर नजदीक होने के कारण वह उन्हें शौच के लिए घर लेकर के गए थे और वहां से आने तक स्टाफ नर्स ने मरीज को डिस्चार्ज मानकर फाइल रख दी। घर से अस्पताल लौटने के कुछ घंटे के बाद ही मरीज को सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। टीन शेड वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिलने से मरीज की मौत होने के आरोप परिजनों ने लगाए।

### इनका कहना है

मरीज का उपचार किया जा रहा था। टीन शेड वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं है, उसे बंद करते हुए पुराने ऑपरेशन थिएटर को वार्ड बनाया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है, यदि स्टाफ नर्स दोषी होगी तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. एसआर परस्ते**
**सिविल सर्जन, जिला अस्पताल**



# डॉ. संगीता को किया गया सम्मानित

**कोतमा नवभारत 17 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी चौक में आयोजित समारोह में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अजय सराफ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. संगीता प्रजापति को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। ओपीडी के सफल संचालन तथा सर्वाधिक ओपीडी संख्या 291 मरीजों को एक ही दिन में देखने के लिए रिकॉर्ड के तौर पर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हमला, 7 पर मामला दर्ज

▶ **अमरकंटक विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई थी मारपीट**



**अनूपपुर, नवभारत 17 अगस्त।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ हुई गाली-गलौज और मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह गहरवार ने थाना अमरकंटक में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने 7 लोगों जयगणेश दीक्षित, विशाल ताम्रकार, आयुष राय, शरद द्विवेदी, विकाश केशरवानी, प्रथम गुप्ता एवं करन सिंह राठौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शिकायत में बताया गया है कि 14 अगस्त को विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया था। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान सुबह 7 बजे संगठन के कार्यकर्ता मुख्य द्वार पर बैठे हुए थे। इसी दौरान गेट बंद कर दिया गया और बाहर खड़ी कुछ छात्राओं को अंदर आने से रोक दिया गया।

### कई कार्यकर्ता हो गए थे घायल

इसी बीच लगभग प्रातः 8.50 बजे कुछ विद्यार्थी और स्थानीय लोग जिनमें जयगणेश दीक्षित, विशाल ताम्रकार, आयुष राय और शरद द्विवेदी शामिल बताए गए गेट के भीतर घुस आए। जब सावन सिंह ने आपत्ति जताई तो कथित रूप से उक्त लोगों ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसे और मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट रोकने आए कार्यकर्ता शिवेन्द्र चतुर्वेदी, अमन परमार, अखिलेश सिंह और प्रणव मिश्रा को भी अन्य लोगों ने बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

### पुलिस व उपस्थित लोगों ने किया बीच-बचाव

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हमले में विकास केशरवानी, प्रथम गुप्ता और करण सिंह राठौर भी शामिल थे। घटना में सावन सिंह को प्राइवेट पार्ट, हाथ और पैरों में चोट आई है, वहीं अमन परमार के दाहिने हाथ और सिर में तथा शिवेन्द्र चतुर्वेदी के सीने, पीठ और हाथ में चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस व उपस्थित लोगों ने बीच-बचाव किया।



# राज्यपाल ने एसपी को प्रदान किया प्रशंसा पत्र

**अनूपपुर, नवभारत 17 अगस्त।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शनिवार की रात राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवा पदक प्राप्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान अनूपपुर के पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान को राष्ट्रपति वीरता पदक पर प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। राज्यपाल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति पुलिस पदक जैसा प्रतिष्ठित अलंकरण न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि प्रदेश पुलिस के सामूहिक संकल्प और त्याग का प्रतीक है। यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य, अनुकरणीय कर्तव्यबोध और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण है। ज्ञात हो कि एसपी मोती उर रहमान को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीरता पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

**घर-घर पूजन** ▶ **धार्मिक आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी, मंदिरों में की गई थी आकर्षक साज-सज्जा**

# मंदिरों में शंख व घंटों की गूंज, जमकर की गई आतिशबाजी





**अनूपपुर, नवभारत 17 अगस्त।** जिले भर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। दो दिन पहले से मंदिरों की विशेष साफ-सफाई, रंग-रोगन, झालर, झूमर व आकर्षक लाइटिंग से सजावट की गई थी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए और जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर वार्ड क्रमांक-4 में विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

मंदिर के पुजारी पं. नरेंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि राम जानकी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी पूजा, प्रसाद व मंदिर की देखरेख की पूरी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मंत्री दिलीप जायसवाल, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, एसडीएम कमलेश पुरी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रसाद वितरण किया गया

मध्यरात्रि ठीक 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर शंख व घंटों की गूंज के बीच आतिशबाजी की गई, आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। नगरवासियों, महिलाओं व बच्चों ने भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया। शहर के शिव मारुति मंदिर सामतपुर, राम जानकी मंदिर पुरानी बस्ती, शिव मंदिर चेतना नगर, तिपान व सोन नदी के शिव मंदिर सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई।

### मटकी फोड़ कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के उपलक्ष्य में मां मनोकामना समिति एवं श्री दुर्गा मंदिर मढिया द्वारा लगातार 7वें वर्ष मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए मिनी मटकी व युवाओं के लिए 50 फीट ऊंची मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस बल का विशेष सहयोग रहा, जिससे शांति व सुरक्षा के साथ आयोजन सम्पन्न हुआ। अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। आयोजक समितियों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और आगे भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा जताई।

### ब्रह्माकुमारीज केंद्र में सजी चैतन्य झांकी



ब्रह्माकुमारी राजयोग मेडिटेशन सेंटर बुढार में जन्माष्टमी के अवसर पर चैतन्य राधे-कृष्ण एवं लक्ष्मी-नारायण की मनमोहक झांकी सजाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और आरती वंदन से हुई। ब्रह्माकुमारी रीता दीदी ने चैतन्य झांकी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि भारत दैवी गुणों और शक्तियों से संपन्न देश था, जिसे सोने की चिड़िया कहा जाता था। यहां घी-दूध की नदियां बहती थीं और एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा और एकमत का वातावरण था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, समाजसेविका वृंदा भगत, आरती खंडेलवाल, श्रद्धा श्रीवास्तव, अशोक कचेर एवं अमित श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।